

दिल्ली में बुधवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन। ● हिन्दुस्तान

# बिहार ने केंद्र से 15 सड़कों के लिए 1100 करोड़ मांगे

- पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले
- केंद्र सरकार ने बिहार की पुल रखरखाव नीति की भी सराहना की

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार सरकार ने केंद्र सरकार से बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) की 15 सड़क परियोजनाओं को मंजूर करने का अनुरोध किया है। इस मद से 226 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है। इन परियोजनाओं में लगभग 1100 करोड़ खर्च होने की उम्मीद है।

बुधवार को सूबे के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इन परियोजनाओं को अविलंब मंजूर करने का अनुरोध किया। मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बिहार ब्रिज मेंटेनेंस पॉलिसी की प्रतिलिपि भेंट की।

उन्होंने इस पॉलिसी की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही बिहार की परियोजनाओं को अविलंब मंजूर करने का आश्वासन दिया है।